दिन– रविवार दिनांक– 23 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में जब वे ए. आई. के एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गए तो वहां दुनिया ने इस क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग आज ए आई का इस्तेमाल अत्यंत रोचक और उपयोगी ढंग से कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना सौवां रॉकेट छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर भी संतोष व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने इस महीने की अट्ठाईस तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में श्रोताओं को सुझाव दिया कि वे अपना एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताएं। जिसमें वे किसी अनुसंधान प्रयोगशाला, प्लैनेटेरियम या फिर अंतरिक्ष केंद्र जैसी जगह पर जा सकते हैं। श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति को सलाम करने का विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक विशेष पहल के तहत अपने एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया अकाउंट–एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंन अलग–अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, नवाचार किया है या अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आठ मार्च को वे अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के रोमांच की भी चर्चा की, जहां ग्यारह हजार से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने मन की बात में एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में मोटापे की समस्या की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक चुस्त और स्वस्थ राष्ट्र बनने के लिए हमें मोटापे की समस्या से निपटना होगा। उन्होंने

कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति इस समस्या से परेशान है। बीते वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस समस्या से निपटने के लिए खाने के तेल में दस प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि वे तय कर सकते हैं कि हर महीने दस प्रतिशत खाद्य तेल कम खरीदेंगे। श्री मोदी ने कहा कि वे दस लोगों को अपने भोजन में तेल में दस प्रतिशत की कटौती करने की चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि वे उन लोगों से आग्रह करेंगे कि वे दस और लोगों को यही चुनौती दें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बिना तनाव लिए सकारात्मक भावना के साथ अपनी परीक्षाएं दें। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अब संस्थागत रूप लेता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष एक नए फॉर्मेट में परीक्षा पे चर्चा आयोजित की गई। विशेषज्ञों के साथ आठ अलग–अलग कडियां शामिल की गई। उन्होंने कहा कि ये सभी कडियां नमो ऐप पर उपलब्ध हैं।

————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मखाना किसानों को हर तरह की सहायता दी जाएगी। दरभंगा के राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में किसानों से संवाद करते हुए श्री चौहान ने कहा कि किसानों को मखाने का उचित मूल्य दिलाने के लिए बाजार का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में मखाना बोर्ड की घोषणा की गयी है। जल्द ही इसे मूर्तरूप दिया जाएगा।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन समान किस्तों में वार्षिक छह हजार रुपये दिये जाते हैं। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नौ करोड़ अस्सी लाख किसानों के खातों में करीब बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

————————————————————

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हो रहा है। यह मैच दुबई में खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ताजा जानकारी के अनुसार पाकिस्तान ने एक विकेट के नुकसान पर इकतालीस रन बना लिये हैं। इस समय  नौवां ओवर फेका जा रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।